भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं.*163

जिसका उत्तर 09.12.2021 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-24 संबंधी निर्माण कार्य की गुणवत्ता

*163. श्री अरूण कुमार सागर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश में बरेली-शाहजहांपुर-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-24 के निर्माण कार्य की निष्पादनकारी एजेंसी निर्माण सामग्री के संबंध में निर्धारित किए गए मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करके केन्द्रीय निधियों का घोर दुरूपयोग कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस संबंध में कोई जांच कराई गई है या कराए जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

‘राष्ट्रीय राजमार्ग-24 संबंधी निर्माण कार्य की गुणवत्ता के संबंध में’ श्री अरूण कुमार सागर द्वारा पूछे गये दिनांक 09.12.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं.163 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(क) से (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए, परामर्शदाता/स्वतंत्र अभियंता/प्राधिकरण अभियंता यह सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं कि कार्य संविदा करार के प्रावधानों/विनिर्देशों के अनुसार निष्पादित किये जाते हैं। इसके अलावा, क्षेत्र में भर्ती विशेषज्ञों द्वारा अन्य पक्ष जांच भी यादृच्छिक रूप से की जाती है।

तदनुसार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा तत्काल परियोजना में लगे पर्यवेक्षण सलाहकार ने नियमित रूप से काम की गुणवत्ता की निगरानी की है। साथ ही स्वतंत्र विशेषज्ञों ने भी जांच करायी है. गुणवत्ता में कोई कमी नहीं पाई गई है।

गुणवत्ता मानकों की निगरानी एनएचएआई की क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा भी की जाती है।

****